# 2019
# HINDI

Total Marks : 90 Time : 3 Hours

**General Instructions :**

*(i) Approximately 15 minutes is allotted to read the question paper and revise the answers.*

*(ii) The question paper consists of 29 questions. All questions are compulsory.*

*(iii) Marks are indicated against each question.*

*(iv) Internal choice has been provided in some questions.*

***N.B. : Check that all pages of the question paper is complete as indicated on the top left side.***

## खण्ड – क (पठन परीक्षण)

1. निम्न अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मनुष्य का जीवन अपने आस-पास के वातावरण से प्रभावित होता है । मूल रूप से मानव के विचारों एवं कार्यों को उसके संस्कार ही सही दिशा देते या दे सकते हैं । यदि उसे स्वच्छ वातावरण मिलता है, तो वह कल्याण के मार्ग पर चलता है, यदि दूषित वातावरण में रहता है, तो उससे भी उसके कार्य प्रभावित होते हैं । इसका प्रभाव मनुष्य ही नहीं वरन् पशुओं एवं वनस्पतियों पर भी पड़ता है । मांसाहारी पशु को यदि शाकाहारी पशु के साथ रखा जाए, तो उसकी आदतों या प्रवृत्तियों में स्वतः ही परिवर्तन आ जाएंगे । यही नहीं यदि मनुष्य को भी अधिक समय तक मानवों से दूर, पशु-संगति में रखा जाए, तो वह मनुष्य स्वभाव छोड़कर पशु-प्रवृत्ति अपना लेगा । सत्संगति का अर्थ हैह्ल– अच्छी संगति । अच्छी संगति का अर्थ है – सत्पुरूषों के साथ निवास, जिनके सद्विचार मनुष्य को सही दिशा की ओर प्रवृत्त करे । सत्संगति मनुष्य को सन्मार्ग की ओर अग्रसर करती है । इससे दुष्ट प्रवृत्ति के व्यक्ति भी श्रेष्ठ बन जाते हैं । ऋषियों की संगति के प्रभाव से बाल्मीकि जैसे भयानक डाकू महान कवि और ऋषि बन

गए। संतों के प्रभाव से आत्मा के मलिन भाव दूर हो जाते हैं तथा वह निर्मल बन जाती है। सज्जनों के पास ज्ञान का भंडार होता है। सत्संगति से चरित्र का विकास होता है, जिससे मनुष्य अपना और संसार का कल्याण कर सकता है। वास्तव में सत्संगति वह पारसमणि है, जो जीवन रूपी लोहे को कंचन बना देती है। मानव जीवन के सर्वांगीण विकास या उन्नति से वैयक्तिक जीवन के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का भी सार्थकता के साथ निर्वहन किया जा सकता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए। 1

(ख) मनुष्य के कार्यों एवं विचारों को सही दिशा कौन सा तत्व दे सकता है ? 1

(ग) मनुष्य के व्यवहार एवं कार्य किनसे प्रभावित होते हैं ? 1

(घ) 'निष्ठावान' शब्द से मूल शब्द एवं प्रत्यय को अलग कीजिए। 1

(ङ) 'उन्नति' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। 1

(च) 'कंचन' शब्द का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए। 1

(छ) 'सत्संगति' का क्या अर्थ होता है ? 1

(ज) 'सत्संगति' मनुष्य को किस ओर अग्रसर करती है ? 1

(झ) आत्मा का मलिन भाव किस प्रकार दूर हो सकते हैं ? 1

(ञ) 'पारस' की क्या विशेषता होती है ? 1

## खण्ड – ख (संरचना)

2. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 100 से 150 शब्दों में लिखिए : 6

(क) 'प्लास्टिक थैलियों का प्रयोग' फायदे तथा नुकसान' विषय पर एक वस्तुनिष्ठ निबंध लिखिए।

***अथवा***

(ख) 'अपनी मातृ-भाषा को सीखने के महत्व' विषय पर अपने एक मित्र से बात-चीत को 'वार्ता' के रूप में लिखिए।



3. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : 4

(क) दिए गए मुद्रित प्रति का व्याकरण एवं संरचना-संबंधी त्रुटियों को संशोधित करते हुए संपादन कीजिए :

नैनीताल एक पहाड़ी क्षेत्र में स्थित एक पर्वतीय पर्यटक केन्द्र है। नैनीताल में अनेक दर्शनीय स्थल देखने योग्य हैं। यह केवल मात्र उत्तरांचल में ही नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष में प्रसिद्ध एवं नामी स्थल है। यहाँ हर वर्ष हजारों पर्यटक घूमने के उद्देश्य से दूर-दूर से लोग आते हैं। यहाँ की प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों के मनों को सदा के लिए आकर्षित करती है।

***अथवा***

(ख) मान लीजिए कि आप सुरेश/ सुनीता हैं और बी.ओ.सी. कालोनी, कोहिमा के 'युवा मंच' के सचिव हैं। आप 'अंतर्विद्यालयी सामूहिक गीत प्रतियोगिता' का आयोजन कर रहे हैं। अपने इस आयोजन में 'निर्णायक' के रूप में कार्य करने हेतु किसी एक प्रतिष्ठित संगीतकार को बुलाने के लिए लगभग 50 शब्दों में एक निमंत्रण पत्र लिखिए।

## खण्ड – ग (व्याकरण एवं अनुवाद)

4. दिए गए शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए : $2\times1=2$

दुःख, बादल

5. दिए गए शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए : $2\times1=2$

पवन, अत्यधिक

6. दिए गए सामासिक पदों का विग्रह कीजिए : $2\times1=2$

राजभवन, त्रिमूर्ति

7. निम्न मुहावरों का अर्थ वाक्य प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए : $2\times1=2$

भौंहे ढीली पड़ना, तीर निशानो पर न लगना

8. 'रस' किसे कहते हैं ? इसके कितने अंग या तत्व होते हैं ? उनके नाम लिखिए। $1+1=2$

9. अनुप्रास अलंकार को एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। 2

10. 'दोहे' में कौन-कौन से चरण समान होते हैं ? 1

11. 'छंद' के कितने प्रकार होते है ? उनके नाम लिखिए । 2

12. हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5

It was an incredibly hot day, and a lion was feeling very hungry. He came out of his den and searched here and there. He could find only a small rabbit. He caught the rabbit with some hesitation. "This rabbit can't fill my stomach", thought the lion. As the lion was about to kill the rabbit, a deer ran that way. The lion became greedy. He thought, "instead of eating this small rabbit, let me eat the big deer." He let the rabbit go and went after the deer. But the deer had vanished into the forest. The lion now felt sorry for letting the rabbit off.

## खण्ड – घ (साहित्य)

### गद्य भाग

13. तनुके माँ-बाप ने किस प्रकार का विवाह किया था ? 1

14. 'निम्न स्तर गृह-निर्माण' से शर्माजी का क्या तात्पर्य था ? 2

15. उजड़े हुए खेत की दशा देखकर हल्कू क्यों प्रसन्न था ? 2

16. गाँव की स्त्रियाँ कोसोहो तथा जेन्युए से क्यों ईर्ष्या करती थी ? 3

17. लेखक द्वारा 'इन्द्र सेना' पर पानी डालने को बरबादी समझने का जीजी ने किन तर्कों से खण्डन किया ? 3

18. निम्न कथन किसने, किससे और किस संदर्भ में कहा है ? 1+1+2=4

"ममी तुम भी कमाल करती हो । अपनी ज़िन्दगी को लेकर तुम सपने देखो और मेरी ज़िन्दगी के सपने भी तुम्हीं देख डालो ।"

19. (क) दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

बाज़ार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है, जो जानता है कि वह क्या चाहता है, और जो नहीं जानते कि वे क्या चाहते हैं ; अपनी पर्चेजिंग पांवर के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक



शक्ति - शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाज़ार को देते हैं । न तो वे बाज़ार का सच्चा लाभ उठा सकते हैं, न उस बाज़ार को सच्चा लाभ दे सकते हैं । वे लोग बाज़ार का बाज़ारूपन बढ़ाते हैं । अर्थात कपट बढ़ाते हैं । कपट की बढ़ती का अर्थ परस्पर में सद्भाव की घटी । इस सद्भाव के ह्रास पर आदमी आपस में प्रम व्यवहार को खोकर कोरे ग्राहक और बेचक की तरह व्यवहार करते हैं ।

(i) बाज़ार की असली सार्थकता किसमें है ? 1

(ii) बाज़ार का सच्चा लाभ कौन उठाता है ? 1

(iii) 'सद्भाव की घटी' वाक्यांश में 'घटी' शब्द का अर्थ हैं –

(i) किसी घटना का होना (ii) कम होना (iii) घण्टी बजनाह 1

(iv) कपट के बढ़ने से क्या होता है । 1

(v) सद्भाव के बिना मनुष्यों के संबंध कैसे हो जाते हैं ? 1

***अथवा***

(ख) 'दोनों खेत की दशा देख रहे थे । मुन्नी के मुख पर उदासी छायी थी, पर हल्कू प्रसन्न था ।' इस स्थिति की समीक्षा करते हुए बताइए, कि दोनों की मनस्थिति ऐसी क्यों थी ? 5

### पद्य भाग

20. पतंग की क्या विशेषता होती है ? 1

21. कवि ने किन परिस्थितियों को मौलिक माना है ? 2

22. राम के नाम को कवि ने 'चारू चिंतामणि' क्यों कहा है ? 2

23. पतंग के कवि ने बच्चों के जन्म के समय की तुलना किससे और क्यों की है ? 3

24. 'घर की याद' कविता में पिता के किस व्यक्तित्व की चर्चा की गई है ? 3

25. सरनागत कहँ जे तजहि, दिन अनहित अनुमानि ।
ते नर पाँवर पापमय, तिनहि बिलोकत हानि ।।

(i) ये पंक्तियाँ पाठ्य पुस्तक के किस शीर्षक से ली गई हैं ? 1

(ii) इस दोहे के रचनाकार कौन हैं ? 1

(iii) किन लोगों को देखने मात्र से हानि होती है और क्यों ? 2

26. किसी **एक** पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 5

(क) ज़िंदगी में जो कुछ है, जो भी है
सहर्ष स्वीकारा है,
इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है
वह तुम्हें प्यारा है ।
यह गरबीली गरीबी, ये गंभीर अनुभव सब
यह विचार वैभव सब,
दृढ़ता यह, भीतर की सरिता, यह अभिनव सब ।।

***अथवा***

(ख) किन्तु उनसे यह न कहना
उन्हें देते धीर रहना ।
उन्हें कहना लिख रहा हूँ,
उन्हें कहना पढ़ रहा हूँ ।

## कथा साहित्य

27. स्वभाव से मंसाराम किस प्रकार का लड़का था ? 2

28. उदयभानु लाल के घर पर निर्मला के विवाह की तैयारियाँ कैसी चल रही थी ? 3

29. (क) दोनों पुत्रों की मृत्यु तथा एक पुत्र के संन्यास ले लेने से मुंशी तोताराम के जीवन में किस प्रकार के परिवर्तन आए ? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए । 5



***अथवा***

(ख) गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

निर्मला को पति से सच्ची सहानुभूति थी । जहाँ तक हो सकता था, वह उनको प्रसन्न रखने का प्रयास करती थीं । वह भूलकर भी पिछली अप्रिय बातों को जबान पर न लाती थीं । मुंशी जी उससे मंसाराम की कोई चर्चा करते शरमाते थे । उनकी कभी-कभी ऐसी इच्छा होती कि एक बार निर्मला से अपने मन के सारे भाव खोलकर बात कर लूँ । लेकिन लज्जा रोक लेती थी, जो अपनी व्यथा कह डालने से, दूसरों को अपने गम में शरीक कर लेने से सुख प्राप्त होती । यही सोच-सोचकर उनकी देह दिन ब दिन घुलती जाती थी ।

(i) निर्मला का अपने पति के साथ कैसा व्यवहार था ? 1

(ii) मुंशीजी किसकी बात करते शरमाते थे । 1

(iii) मंसाराम कौन था ? 1

(iv) मुंशीजी की इच्छा क्या होती थी ? 1

(v) मुंशीजी किस कारण से अस्वस्थ होते जा रहे थे ? 1